an>

Title: Need to construct an airport in Bilaspur Parliamentary Constituency of Chhattisgarh.

श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर): अध्यक्ष महोदया आपने मुझे शून्यकाल में बोलने के लिए अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

अध्यक्ष महोदया, छत्तीसगढ़ में मात्र एक एयरपोर्ट रायपुर में स्थित है, जहां से ओडिशा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के यात्री हवाई यात्रा करते हैं, जिसके कारण उस एयरपोर्ट पर हमेशा दबाव रहता है और कभी-कभी ऐसा भी होता है कि लोगों को फ्लाइट में सीट न मिलने के कारण आवश्यक काम को छोड़कर अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ती है। मैं बिलासपुर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं, बिलासपुर में आप भी गयी हैं, आपको मालूम है कि नया राज्य बनने के बाद बिलासपुर में छत्तीसगढ़ का हाईकोर्ट, रेलवे जोन का मुख्यालय, अपोलो हास्पिटल एवं सेंट्रल यूनिवर्सिटी जैसे विभिन्न संस्थाएं कार्यरत हैं। साथ ही, उसके आस-पास में औद्योगिक क्षेत्र भी है, जिसमें कोरबा में एनटीपीसी है, रतनपुर धार्मिक स्थान है, वहां एसईसीएल का मुख्यालय भी है। अभी 18 तारीख को गिरौदपुरी में कुतुबमीनार से भी ऊंचा एक जय स्तम्भ का उद्घाटन बाबा गुरू घासीदास जी की जन्म स्थली में हमारे मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया है, जो 55 करोड़ रुपये से निर्मित है। साथ ही, बिलासपुर के नजदीक अमरकंटक है। इस तरह से छत्तीसगढ़ के आठ-दस जिलों एवं मध्य प्रदेश के चार-पांच जिलों से लोग आते हैं। बिलासपुर में यदि एयरपोर्ट की शुरूआत होती है, तो यहाँ के आम लोगों को बहुत सुविधा होगी। मुझे जो जानकारी है, वर्ष 2014 में 300 करोड़ रुपये हमारी सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है, लेकिन अभी आज तक उसमें काम शुरू न होने के कारण विलम्ब हो रहा है। मैं आपके माध्यम से नागरिक उड्डयन विभाग मंत्री जी से यह मांग करूंगा कि इस कार्य को प्रारम्भ किया जाए ताकि वहां के लोगों को यह सुविधा तत्काल मिल सके। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. बंशीलाल महतो एवं श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री लखन लाल साहू द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।